तापमान

अधिकतम 34.0 डिग्री

न्यूनतम 22. 0 डिग्री

हरिभूमि

# जांजगीर-चांपा भूमि

बिलासपुर, सोमवार, 6 अप्रैल 2026

अकलतरा | बलौदा | नवागढ़ | पामगढ़ | मालखरौदा | जैजैपुर | डभरा | सक्ती



आंतरिक गुणों से ही विश्व एकता संभव : रुक्मणी

4




## खबर संक्षेप

### पेण्ड्री में नशमुक्ति एवं सायबर जागरुकता कार्यक्रम आयोजित

**नवागढ़।** नवागढ़ थाना क्षेत्र के ग्राम पेंड्री में नशा मुक्ति एवं सायबर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान ग्रामीणों को नशे के दुष्परिणामों एवं सोशल मीडिया के सुरक्षित उपयोगों के बारे में जागरूक किया गया। ऑनलाइन धोखाधड़ी, सायबर अपराध, डिजिटल अरेस्ट, अंजान लिंक पर क्लिक न करने, ओटीपी शेयर न करने के संबंध में आवश्यक जानकारी दी गई। सामुदायिक पुलिसिंग के तहत थाना नवागढ़ पुलिस द्वारा निरीक्षक कमलेश सेंडे थाना प्रभारी नवागढ़ के नेतृत्व में नवागढ़ क्षेत्र के ग्राम पेंड्री में नशा मुक्ति एवं सायबर जनजागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जांजगीर चांपा पुलिस द्वारा स्पष्ट निर्देश दिए गए हैं कि जिले में अवैध शराब, नशा कारोबार एवं सामाजिक अपराधों के विरुद्ध अभियान आगे भी इसी प्रकार लगातार जारी रहेगा।

### विभिन्न स्थानों पर लगेगा प्लेसमेंट कैंप, सैकड़ों पदों पर होगी भर्ती

**सक्ती।** जिला सक्ती अंतर्गत बेरोजगार युवाओं को रोजगार प्रदान करने की दृष्टि से जनपद, नगर पालिका एवं नगर पंचायत स्तर पर प्लेसमेंट कैंप का आयोजन किया जाएगा। इस पहल का मुख्य उद्देश्य जिले के अधिक से अधिक युवाओं को रोजगार से जोड़ना है। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार एस.आई.एस. इंडिया लिमिटेड अनूपपुर द्वारा जनपद पंचायत मालखरौदा में 21 अप्रैल को, जनपद पंचायत जैजैपुर में 22 अप्रैल को, जनपद पंचायत डभरा में 23 अप्रैल को तथा जनपद पंचायत सक्ती में 24 अप्रैल को प्लेसमेंट कैंप लगाए जाएंगे। इसके अतिरिक्त शासकीय आईटीआई मालखरौदा में 25 अप्रैल, शासकीय आईटीआई जैजैपुर में 27 अप्रैल तथा शासकीय आईटीआई डभरा में 28 अप्रैल को भी प्लेसमेंट कैंप का आयोजन निर्धारित किया गया है।

### अकलतरा में निशुल्क नेत्र शिविर का आयोजन 8 को

**अकलतरा।** भवानी जन सेवा समिति अकलतरा एवं एमजीएम हॉस्पिटल रायपुर के संयुक्त तत्वावधान में 8 अप्रैल को पंचदेव मंदिर परिसर, मुकीम उद्यान अकलतरा में सर्व समाज हेतु विशाल निशुल्क नेत्र शिविर का आयोजन किया जाएगा। समिति के संयोजक प्रकाश केडिया ने जानकारी देते हुए बताया कि यह समिति द्वारा आयोजित 12वां निशुल्क नेत्र शिविर है, जिसमें विशेष रूप से कमजोर वर्ग के लोगों को लाभ पहुंचाने का उद्देश्य रखा गया है। शिविर में मोतियाबिंद एवं अन्य नेत्र रोगों से पीड़ित मरीजों की जांच की जाएगी। जांच के पश्चात पात्र मरीजों को समिति की बस के माध्यम से रायपुर ले जाया जाएगा, जहां उनके ऑपरेशन के साथ ही रहने एवं भोजन की निःशुल्क व्यवस्था भी उपलब्ध रहेगी। मरीजों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए पंजीयन की व्यवस्था की गई है।

रेत के अवैध कारोबार पर लगाम कसने प्रशासन ने कसी कमर

# जीवनदायिनी नदियों का सीना छलनी कर रहे रेत माफिया

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

रेत माफिया जीवन दायिनी नदियों का सीना छलनी कर बेखौफ अपना कारोबार चला रहे है। अविभाजित जिले से होकर गुजरी महानदी और हसदेव नदी के तट पर रेत की अवैध खुदाई लगातार हो रही है। ट्रैक्टर, हाइवा, पोकलेन,ट्रेलर एवं जेसीबी मशीन के माध्यम से रेत का अवैध परिवहन एवं उतखनन कार्य किया जा रहा है। इससे जहां नदियों के अस्तित्व पर खतरा मंडरा रहा है, वहीं शासन को राजस्व का नुकसान भी उठाना पड़ रहा है। लगातार मिल रही शिकायतों के बाद अब प्रशासनिक अमले ने मुस्तैदी दिखाते हुए कार्रवाई तेज की है। तीनों के भीतर दर्जनभर वाहनों को जब्त करने के साथ ही अवैध भंडारित रेत भी जब्त किए गए है।

अविभाजित जांजगीर-चांपा जिले से हसदेव नदी और महानदी होकर गुजरती है। इन नदियों के कारण गर्मी के दिनों में आसपास का जल स्तर बना रहता है। रेत माफियाओं द्वारा नदी से लगातार रेत का अवैध उत्खनन किया जा रहा है। रेत के अवैध कारोबार पर नकेल कसने खनिज विभाग एक्शन मोड पर आ गया है। इस मामले में कार्यवाही करते हुए 3 दिनो के भीतर दर्जनो वाहन जब्त करने के साथ अवैध रूप से भंडारित रेत के 6 ढेरियो को जब्त किया गया है। उक्त कार्यवाही खान एवं खनिज अधिनियम के तहत की गई है।इस कार्यवाही से खनिज माफियाओ में हडकंप मचा है। शनिवार 4 अप्रैल की रात सक्ती जिले के महानदी घाट करही में रेत के अवैध भंडारण एवं परिवहन पर कार्यवाही करते हुए 5 वाहनों को जब्त किया गया है। इन वाहनों में ट्रैक्टर शामिल है। मुखबीर के माध्यम से जांजगीर एवं सक्ती जिले के अधिकारियों को जानकारी मिली कि ग्राम पंचायत करही मे अवैध रूप से रेत का भंडारण कर परिवहन किया जा रहा है। इस पर सक्ती एसडीएम सुश्री कावेरी मरकाम, सक्ती तहसीलदार लक्ष्मीकांत कोरी एवं हसौद तहसीलदार गरिमा मनहर की टीम के द्वारा शनिवार रात 1 बजे छापामार कार्यवाही करते हुए 5 ट्रैक्टरो को जब्त किया गया है। इसके पूर्व शुक्रवार 3 अप्रैल को भी ग्राम पंचायत करही में रेत के अवैध भंडारण एवं परिवहन पर कार्यवाही करते हुए तीन वाहनो को जब्त किया गया था। इनमे ट्रैक्टर, हाइवा एवं अन्य वाहन शामिल है। कुल मिलाकर देखा जाए तो सक्ती जिले के ग्राम पंचायत पंचायत करही में रेत के अवैध भंडारण एवं परिवहन के मामले लगातार सामने आ रहे है। इसी प्रकार सक्ती में भी रेत के अवैध भंडारण पर कार्यवाही करते हुए आधा दर्जन से अधिक रेत के अवैध भंडारण को जब्त करने की कार्यवाही की गई है। गुरूवार 2 अप्रैल को चाम्पा क्षेत्र के ग्राम गाड़ापाली, दहिदा सहित अन्य क्षेत्रो में भी रेत के अवैध उतखनन एवं परिवहन को लेकर कार्यवाही की गई है। मामले में 4 वाहनों को जब्त किया गया है। प्रशासनिक अमले द्वारा पिछले कुछ दिनों से लगातार की जा रही कार्रवाई से खनिज माफिआयो में हडकंप मच गया है।

### तीन दिनों के भीतर दर्जनों वाहन जब्त कर की कार्रवाई



शनिवार की देर रात करही में छापेमारी कर जब्त किए गए वाहन।

#### करही बना अवैध कारोबारियों का ठिकाना

ग्राम पंचायत करही रेत के अवैध कारोबारियों का सुरक्षित ठिकाना बन गया है। करही जांजगीर-चांपा जिले के बिर्रा थाना क्षेत्र में आता है। वहीं राजस्व जिला सक्ती है। ऐसे में दोनों ही जिले के अमले के बीच तालमेल के अभाव के कारण रेत का अवैध कारोबार करने वाले यहां बेखौफ होकर उत्खनन करते है।

#### जब्त किए वाहन

हसौद क्षेत्र के ग्राम पंचायत करही में रेत के अवैध भंडारण परिवहन एवं उत्खनन कार्य में लगे वाहनों को जब्त करने की कार्यवाही की गई है। इसके लिए संयुक्त टीम का गठन किया गया था। आगे भी इस तरह की कार्यवाही जारी रहेगी।

-सुश्री कावेरी मरकाम,
एसडीएम, सक्ती

#### जारी रहेगी कार्रवाई

रेत के अवैध उत्खनन के साथ ही भंडारण एवं परिवहन मामले सामने आने पर वाहनों की जब्ती बनाई जा रही है। इस तरह की कार्यवाही आगे भी जारी रहेगी।

-हितेंद्र स्वर्ण पाल
जिला खनिज अधिकारी
जांजगीर-चांपा



गोधना का सूखता नैया तालाब।

# टेल एरिया तक नहीं पहुंच रही नहर की धार, सूखने लगे तालाब

## गंदे पानी में निस्तारी को मजबूर ग्रामीण

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

नहर में पानी छोड़ने के बाद भी टेल एरिया के गांवों में नहर की धार नहीं पहुंच पा रही है। ऐसे में टेल एरिया के गांव में तालाबों को भरने का कार्य भी नहीं हो पा रहा है। नहर का पानी नहीं पहुंचने से ग्रामीण तालाब के गंदे पानी से निस्तारी करने मजबूर हो रहे है।

क्षेत्र के टेल एरिया में आने वाले गांवों में जल संकट लगातार गहराता जा रहा है। आदर्श ग्राम गोधना के नैया तालाब सहित ग्राम कुकदा, कुरियारी और सलखन के तालाबों में पानी की भारी कमी बनी हुई है। हालात यह हैं कि ग्रामीणों को गंदगी युक्त पानी में ही निस्तारी और स्नान करने के लिए मजबूर होना पड़ रहा है। ग्रामीणों के अनुसार सिंचाई विभाग की लापरवाही और जल वितरण में असंतुलन इस समस्या की मुख्य वजह है। बताया जा रहा है कि धुरकोट नहर डिवाइडिंग सेक्टर से नवागढ़ सिंचाई क्षेत्र में 350 क्यूसेक से अधिक पानी छोड़ा जा रहा है, जबकि मुड़पार सिंचाई क्षेत्र में 250 क्यूसेक से भी कम पानी पहुंच रहा है। इसका सीधा असर टेल एरिया के गांवों पर पड़ रहा है, जहां तालाब तक निस्तारी के लिए पानी नहीं पहुंच पा रहा है। वहीं सेमरा और अवरीद गांव में रबी फसल लगाए जाने के कारण किसानों द्वारा नहर के पानी को बीच में ही जाम कर रोका जा रहा है। इससे पानी आगे



टेल एरिया तक नहीं पहुंच पा रहा है। इससे गोधना, कुकदा, कुरियारी व सलखन के ग्रामीणों की परेशानी और बढ़ गई है। ग्रामीणों ने यह भी आरोप लगाया है कि टेल एरिया तक पानी पहुंचाने के लिए जिम्मेदार मैदानी अमले द्वारा भी इस दिशा में कोई ध्यान नहीं दिया जा रहा है। स्थिति लगातार बिगड़ती जा रही है, लेकिन जिम्मेदार अधिकारी ध्यान नहीं दे रहे हैं। जल स्तर में गिरावट के कारण गांवों के हैंडपंप भी जवाब देने लगे हैं, जिससे पेयजल संकट गहरा गया है। इस गंभीर समस्या को लेकर ग्रामीणों ने दो सप्ताह पहले जनदर्शन में आवेदन देकर समाधान की मांग की थी, लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई है। ग्रामीणों ने चेतावनी दी है कि यदि जल्द ही समस्या का समाधान नहीं किया गया, तो वे आंदोलन के लिए बाध्य होंगे।

# कॉमन सर्विस सेंटर में डेटोनेटर ब्लास्ट

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

मुलमुला थाना क्षेत्र के ग्राम बनाहिल में एक कॉमन सर्विस सेंटर (सी एस सी) में डेटोनेटर ब्लास्ट किया गया। विस्फोट के कारण दुकान में रखे कंप्यूटर, सीपीयू, प्रिंटर, कुर्सी, टेबल सहित अन्य जरूरी उपकरण पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गए। वहीं विस्फोट की चपेट में आने से संचालक के हाथ में भी चोट आई।

इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार भूपेंद्र कुमार साहू ग्राम बनाहिल में वेदांत सर्विस सी एस सी सेंटर का संचालन करता है। दुकान के पास ही उसका निवास भी है। शनिवार की रात वह दुकान बंद कर अपने घर चला गया था। रात करीब 11.45 बजे उसे दुकान का शटर खुलने और बंद होने की आवाज आई। वह मौके पर पहुंचा तो दुकान के अंदर धुआं फैला हुआ था और कुछ सामान जल रहा था। दुकान के अंदर डेटोनेटर फेंका गया था, जिसमें 4 डेटोनेटर एक साथ बंधा हुआ था। भूपेंद्र ने डेटोनेटर उठाकर जैसे ही बाहर फेका वैसे ही वह फट गया। इस विस्फोट के



कारण दुकान में रखे कंप्यूटर, सीपीयू, प्रिंटर, कुर्सी, टेबल सहित अन्य जरूरी उपकरण पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गए। विस्फोट की चपेट में आने से संचालक भूपेंद्र के हाथ में भी चोट आई। घटना की गंभीरता को देखते हुए मुलमुला थाना में भारतीय न्याय संहिता की धारा 109(1), 324(4) और विस्फोटक पदार्थ अधिनियम 1908 की धारा 3 के तहत अपराध पंजीबद्ध किया है। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस टीम और फॉरेंसिक विभाग के विशेषज्ञ मौके पर पहुंचे और घटनास्थल का बारीकी से निरीक्षण किया गया। जांच के दौरान पुलिस को कुछ सुराग मिले, जिसके आधार पर दो संदिग्ध व्यक्तियों को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है।

### चाकू लहराकर राइस मिल में धमकी देने वाला आरोपी गिरफ्तार

**अकलतरा।** राइस मिल में घुसकर चाकू लहराते हुए कर्मचारियों व मालिक को जान से मारने की धमकी देने वाले आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी के कब्जे से घटना में प्रयुक्त चाकू, स्कूटी एवं चोरी किया गया धान भी बरामद किया गया है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थी पीयूष अग्रवाल ने थाना अकलतरा में रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि वे अपने निजी कार्य से बिलासपुर गए हुए थे। इसी दौरान राइस मिल के कर्मचारी अमर टंडन ने फोन कर सूचना दी कि एक व्यक्ति धान चोरी करते हुए पकड़ा गया था, जो अपनी स्कूटी में धान रखकर ले जा रहा था। मिल कर्मचारियों द्वारा पकड़ने पर आरोपी हाथ छुड़ाकर मौके से फरार हो गया और अपनी स्कूटी वहीं छोड़ गया। शाम करीब 7 बजे वही व्यक्ति शराब के नशे में चाकू लेकर राइस मिल में घुस गया। उसने गाली-गलौज करते हुए जान से मारने की धमकी दी और अपनी स्कूटी वापस मांगते हुए चाकू दिखाकर डराने-धमकाने लगा। प्रार्थी की रिपोर्ट पर पुलिस ने आरोपी जगन्नाथ विश्वकर्मा उम्र 35 वर्ष निवासी ग्राम खटोला के खिलाफ कार्रवाई करते हुए उसे गिरफ्तार कर लिया।






## हल्की बारिश से तापमान में गिरावट

# मौसम के बदले मिजाज ने दिलाई गर्मी से राहत

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

मौसम के बदले मिजाज ने गर्मी से राहत दिलाई है। शनिवार की रात हुई बारिश के बाद रविवार को गर्मी का अहसास कम हुआ। मौसम के बदले रंग के कारण दिनभर बादल और सूरज के लुकाछिपी का खेल चलता रहा। सूरज की तपन कम रही और हवाओं में भी नरमी रही। इसके साथ ही बढ़ते तापमान में भी गिरावट आई।

पिछले कुछ दिनों से लगातार बढ़ रही गर्मी से परेशान लोगों को मौसम के बदले मिजाज ने राहत दिलाई है। शनिवार की रात मौसम ने अचानक करवट ली और शहर समेत जिले के कई हिस्सों में हल्की बारिश हुई। बारिश के चलते जहां



तापमान में गिरावट दर्ज की गई, वहीं वातावरण में नरमी महसूस की गई। रात में हुई हल्की बूंदाबांदी ने न केवल गर्मी की तपिश को कम किया, बल्कि दिनभर तेज धूप और गर्म हवाओं से परेशान हो रहे लोगों के लिए यह मौसम परिवर्तन किसी राहत से कम नहीं रहा। रविवार की सुबह आसमान में बादल छाए रहे। इसके बाद पूरे दिन सूरज और बादल के लुकाछिपी का खेल चलता रहा। सूरज की तीखी किरणें भी पहले के मुकाबले कम प्रभावी नजर आईं। शाम के बाद मौसम की नरमी के कारण बाजार में काफी चहल पहल नजर आई। मौसम के बदले मिजाज से तापमान में भी गिरावट दर्ज की गई। शनिवार 4 अप्रैल को जांजगीर में अधिकतम तापमान 38 डिग्री सेल्सियस रिकार्ड किया गया था। रविवार 5 अप्रैल को अधिकतम तापमान 34 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। स्थानीय लोगों का कहना है कि पिछले कुछ दिनों से तापमान लगातार बढ़ रहा था, जिससे दिन में घर से बाहर निकलना मुश्किल हो गया था, लेकिन बारिश के बाद राहत मिली है। खासकर सुबह और शाम के समय ठंडी हवाओं ने गर्मी के प्रभाव को कम कर दिया है। मौसम विभाग के अनुसार आने वाले दिनों में आंशिक बादल छाए रहने की संभावना है। वहीं कहीं-कहीं हल्की बारिश के आसार भी बने हुए हैं।

## खबर संक्षेप



### चिकित्सा के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाले चिकित्सकों का किया गया सम्मान

**हरदीबाजार।** प्रेस क्लब हरदीबाजार के द्वारा क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाले लोगों का सम्मान कर उनका मनोबल बढ़ाया गया। इस दौरान प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र के पूर्व चिकित्सा अधिकारी डॉ एएन कंवर, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र के सहायक चिकित्सा अधिकारी डॉ युद्धेश सांडे, आयुष चिकित्सा अधिकारी डॉ टिकेंद्र वर्मा एवं डॉ सुधा महंत का प्रेस क्लब अध्यक्ष राजाराम राठौर, उपाध्यक्ष विनोद उपाध्याय एवं सचिव निलेन्द्र राठौर के द्वारा स्मृति चिन्ह भेंटकर सम्मानित किया गया।

### शासकीय अस्पतालों में खुलेंगे अटल आरोग्य लैब

**कोरबा।** राज्य सरकार ने स्वास्थ्य सेवाओं को सुदृढ़ करने की दिशा में निर्णय लिया है। अब जिले के शासकीय अस्पतालों और स्वास्थ्य केंद्रों में अटल आरोग्य लैब शुरू की जाएगी। इस योजना के क्रियान्वयन के लिए स्वास्थ्य विभाग ने केंद्र सरकार के उपक्रम एचएलएल लाइफकेयर लिमिटेड के साथ अनुबंध किया है। इसका मुख्य उद्देश्य ग्रामीण और दूरदराज के क्षेत्रों में रहने वाले मरीजों को उनके घर के पास ही उच्च स्तरीय और महंगी जांच सुविधाएं उपलब्ध कराना है। योजना की प्रदेश स्तरीय शुरुआत 14 अप्रैल को जगदलपुर जिला अस्पताल से तरीके से इसे पूरे प्रदेश में लागू किया जाएगा। जिले में जिला अस्पताल के साथ-साथ अन्य स्वास्थ्य केंद्रों में यह सुविधा मिलेगी। पूरी जांच प्रक्रिया को हब एंड स्पोक मॉडल के तहत व्यवस्थित किया गया है। इसके अंतर्गत राज्य स्तर पर 1 रेफरल लैब और 4 संभागीय लैब, जिला स्तर पर 33 जिला लैब और 12 सिविल अस्पताल लैब, ब्लॉक स्तर पर 187 सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लैब, कलेक्शन सेंटर 814 प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र सैंपल कलेक्शन सेंटर के रूप में कार्य करेंगे। नई व्यवस्था के तहत अस्पतालों के स्तर के अनुसार जांचों की संख्या तय की गई है। जिला अस्पतालों में 134, सिविल अस्पतालों में 111, सीएचसी में 97 और पीएचसी में 64 प्रकार की जांचें निःशुल्क या रियायती दरों पर उपलब्ध होंगी।

### तेज आंधी-तूफान से शहर में छाया धुल के गुबार

**कोरबा।** जिले के कई क्षेत्रों में मौसम का मिजाज अचानक बदल गया। तेज आंधी-तूफान, आकाशीय बिजली और भारी बारिश ने कई क्षेत्रों को प्रभावित किया। जिससे जनजीवन अस्त-व्यस्त हो गया। तेज आंधी-तूफान के कारण दीपका में सड़क किनारे कई सूखे पेड़ गिरकर सड़क पर आ गए। इस दौरान कई बाइक सवार, चार पहिया वाहन चालक और राहगीर दुर्घटनाग्रस्त होने से बाल बाल बचे। कई जगह पेड़ गिरकर सड़क पर आ गए। इस दौरान कई बाइक सवार, चार पहिया वाहन चालक और राहगीर दुर्घटनाग्रस्त होने से बाल-बाल बचे। औद्योगिक नगरी होने के कारण आंधी-तूफान से पूरे इलाके में धूल, डस्ट और राखड़ उड़ने लगा, जिससे दृश्यता प्रभावित हुई। कुसमुंडा, दीपका, दर्री, बालको सहित आसपास के अन्य औद्योगिक क्षेत्रों में भी बारिश और आंधी-तूफान से लोग परेशान रहे। शहरी क्षेत्रों में भी तेज आंधी-तूफान के कारण सड़कों पर धूल उड़ती दिखी। सड़क किनारे लगे कई बैनर-पोस्टर और दुकानों के बाहर लगे तिरपाल उड़ गए। ग्रामीण क्षेत्रों में भी तेज आंधी-तूफान और बारिश का असर देखा गया। स्थानीय लोगों के अनुसार, पिछले तीन दिनों से मौसम में यह बदलाव देखा जा रहा है। गुरुवार रात और शुक्रवार को भी तेज बारिश और आंधी-तूफान आया था। मौसम में अचानक आए इस बदलाव के कारण तापमान में काफी गिरावट दर्ज की गई है। सुबह तेज धूप रहती है, जबकि शाम होते ही आंधी-तूफान और बारिश की स्थिति बन जाती है।

### सड़क किनारे लगी दुकानो, गाडियों की पार्किंग से हो रही दुर्घटनाएं

**कोरबा।** कोरबा-कुसमुंडा मार्ग पर सडक की स्थिति बेहतर तो कर ली गई लेकिन यहां कई तरह की खराबियां उत्पन्न होने से आये दिन हादसे हो रहे हैं। वैशाली नगर खमरिया में फोरलेन के किनारे पंचर से लेकर कई दुकाने अवैध रूप से खुल गई है। दूसरी ओर सडक पर ट्रक की अवैध पार्किंग के कारण सामने का हिस्सा नजर नहीं आता। इसलिए भी घटनाएं हो रही है। वैशाली नगर पुनर्वास क्षेत्र में मुख्य मार्ग के किनारे अतिक्रमण का सिलसिला जोर पकड़ रहा है। पहले यहां एक दुकान खुली। इसके बाद अब पंचर से लेकर कई प्रकार की दुकानें शुरू हो गई है। धीरे-धीरे आसपास की खाली पड़ी जमीन को कब्जाने की मंशा है। इस आधार पर आगे पत्र्हे की मांग करने का अधिकार तो मिल ही सकता है। मौजूदा स्थिति में अवैध दुकानों के खुलने से बड़ी समस्या सामने आ गई और वह है पार्किंग की। बताया जा रहा है कि मनमाने तरीके से इन्हीं दुकानों के ठीक सामने फोरलेन पर रात में सैकड़ों मीटर तक वाहनों को पार कर दिया जा रहा है। गाडियों का स्टाफ यहां पर आराम फरमाता है।

## सिविल लाइन थाना क्षेत्र के घंटाघर चौपाटी का मामला

# जूस में डालने वाली बर्फ में निकला मेंढक, ग्राहकों में नाराजगी

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

घंटाघर चौपाटी में एक सोडा-गन्ना जूस की दुकान में यह लापरवाही सामने आई। जानकारी के मुताबिक की शुक्रवार शाम कुछ ग्राहक जूस पीने पहुंचे थे। जूस तैयार करने के बाद जब दुकानदार बर्फ तोड़ रहा था, तभी उसमें मरा हुआ मेंढक दिखाई दिया। यह देखकर मौके पर मौजूद लोग हैरान रह गए और देखते ही देखते वहां भीड़ जमा हो गई। घटना का वीडियो भी सामने आया है।

सूचना मिलने पर चौपाटी संघ के अध्यक्ष रवि वर्मा मौके पर पहुंचे और बर्फ तोड़कर मेंढक को बाहर निकाला। घटना के बाद ग्राहकों में काफी नाराजगी देखी गई। लोगों का कहना है कि इस तरह की लापरवाही से लोगों की सेहत के साथ खिलवाड़ हो रहा है। बताया जा रहा है कि दुकान में इस्तेमाल की जा रही बर्फ धन्नु बर्फ डिपो से लाई गई थी। वहीं, बर्फ डिपो संचालक डी. गुप्ता ने कहा कि उन्हें इस बारे में कोई जानकारी नहीं है कि संबंधित बर्फ कहां से आई थी और यह उनके डिपो की है या नहीं। चौपाटी संघ ने बर्फ फैक्ट्री संचालकों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है। वहीं खाद्य-औषधि विभाग के अधिकारी विकास भगत ने कहा है कि मामले की जांच की जाएगी और शहर की सभी बर्फ फैक्ट्रियों की भी जांच की जाएगी। घटना के बाद भी संबंधित जूस की दुकान का संचालन जारी है, जिससे लोगों में और भी नाराजगी देखी जा रही है।



बर्फ में निकला मेढक।

# चार पहिया वाहन ने बाइक को मारी टक्कर, एक की मौत, एक घायल

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

दीपका थाना क्षेत्र अंतर्गत कुसमुंडा बायपास मार्ग पर शुक्रवार की शाम एक सड़क हादसे में एक युवक की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि उसका साथी गंभीर रूप से घायल हो गया। जानकारी के अनुसार शुक्रवार शाम करीब 4 बजे गंगानगर के पास होंडा साइन मोटरसाइकिल सीजी 12 बीयू 6303 में सवार दो युवक सामने से आ रहे 407 वाहन सीजी 12 बीके 7876 से जा भिड़े। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि मोटरसाइकिल चला रहे अंकित शर्मा (24 वर्ष) के सिर में गंभीर चोट आई और उसने मौके पर ही दम तोड़ दिया। मृतक अंकित शर्मा, पिता विनोद शर्मा, गेवरा खदान की एक निजी कंपनी में सरफेस माइनर हेल्पर के रूप में कार्यरत था और गरुड़ नगर कॉलोनी, गेवरा का निवासी था। अनुसार मोटरसाइकिल और 407 वाहन की रफ्तार काफी तेज थी और वह अनियंत्रित होकर सीधे 407 वाहन से टकरा गई। वाहन चलक छोड़कर वहां से जंगल की ओर भांग गऐ। घटना की जानकारी कोई आम आदमी ने दी 112 पुलिस सूचना घायल मोनू यादव को तुरंत अस्पताल पहुंचाया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद उसे कोरबा रेफर किया गया है। घटना की सूचना मिलते ही 112 पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू कर दी है। पुलिस हादसे के कारणों की पड़ताल कर रही है।



दुर्घटना के बाद घायल युवक व क्षतिग्रस्त मोटर साइकिल।

# राष्ट्रीय सेवा योजना चैतमा ने चलाया तालाबों में स्वच्छता अभियान




हरिभूमि न्यूज ⏭ चैतमा

स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट विद्यालय के राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के डॉ मनोज सिन्हा समन्वयक रासेयो, प्रो वायके तिवारी जिला संगठक, प्राचार्य संरक्षक चंद्राणी सोम के निर्देश पर वीरेंद्र कुमार बंजारे कार्यक्रम अधिकारी ईको क्लब प्रभारी के निर्देश पर स्वंय सेवक विजय कुमार, तुषार कुमार, आदित्य कंवर, साई प्रसाद, आयुष तंवर,नीतीश, रोहित, जीवेश, विनय ने टीम बना कर ग्राम पंचायत चैतमा, ईरफ, साजबहरी, गोदग्राम कुटेलामुढा तालाब के आसपास, पचरी घाट में स्वच्छता अभियान चलाया। वीरेंद्र कुमार बंजारे कार्यक्रम अधिकारी ने बताया कि जल जीवन का आधार है और तालाब हमारे पारंपरिक जल स्त्रोतों में महत्वपूर्ण स्थान रखते हैं। आज के समय में बढ़ते प्रदूषण और लापरवाही के कारण तालाब गंदगी से भरते जा रहे हैं। ऐसे में तालाबों में स्वच्छता अभियान चलाना अत्यंत आवश्यक हो गया है, ताकि जल स्त्रोतों को सुरक्षित और स्वच्छ रखा जा सके। अभियान के दौरान तालाब से प्लास्टिक, कचरा, गंदगी जैसी हानिकारक वस्तुओं को हटाया गया।

# निगम ने चौक-चौराहों, सार्वजनिक स्थानों पर शुरू किए प्याऊ घर

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

बढ़ती गर्मी में राहगीरों, जरूरतमंदों को शुद्ध एवं ठंडा पेयजल उपलब्ध कराने हेतु नगर निगम द्वारा अपने सभी जोन के प्रमुख चौक-चौराहों व सार्वजनिक स्थानों पर अस्थाई प्याऊ स्थापित किए गए हैं, साथ ही आवश्यकतानुसार अन्य स्थानों पर भी प्याऊ स्थापित कराए जा रहे हैं ताकि राहगीरों, नागरिकों को शुद्ध व ठंडा पेयजल सुगम रूप से उपलब्ध हो सके। महापौर श्रीमती संजूदेवी राजपूत एवं आयुक्त आशुतोष पाण्डेय द्वारा बढ़ती गर्मी के मद्देनजर चौक-चौराहों व सार्वजनिक स्थानों पर अस्थाई प्याऊ खोलने के निर्देश जोन कमिश्नरों को दिए गए थे, निगम के सभी जोनांतर्गत प्रमुख चौक-चौराहों पर प्याऊ का संचालन आज से प्रारंभ कर दिया गया है। महापौर एवं आयुक्त ने अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि इन अस्थाई प्याऊ घरों में साफ-सफाई का विशेष ध्यान रखा जाए तथा घड़ों में प्रतिदिन शुद्ध एवं ताजा पानी डाल कर रखा जाए, ताकि लोगों को इन प्याऊ घरों के माध्यम से शुद्ध व ताजा ठंडा पेयजल पीने हेतु मिल सके। उन्होने आवश्यकतानुसार और अधिक चौक-चौराहों में अस्थाई प्याऊ खोलने तथा पूरे ग्रीष्म ऋतु में उनका नियमित संचालन कराए जाने के निर्देश भी अधिकारियों को दिए हैं।




प्याऊ घर में पानी पिलाती महिला।

# विधायक ने जनहित कार्यों का किया भूमिपूजन



भूमिपूजन करते कटघोरा विधायक एवं अन्य।

हरिभूमि न्यूज ⏭ हरदीबाजार

ग्राम पंचायत चैनपुर, उतरदा एवं रेंकी में विकास किए जा रहे हैं। एनटीपीसी सीपत के सीएसआर मद से लगभग 65 लाख रुपये की लागत से विभिन्न जनहितकारी कार्यों का विधिवत भूमिपूजन कटघोरा विधायक प्रेमचंद पटेल के मुख्यातिथि में संपन्न हुआ। ग्राम पंचायत चैनपुर में सीसी रोड निर्माण, ग्राम पंचायत उतरदा के माध्यमिक विद्यालय में बैठक कक्ष एवं मंच निर्माण तथा ग्राम पंचायत रेंकी के शिवघाट में अहाता निर्माण जैसे कार्यों की सौगात क्षेत्रवासियों को मिली। ये सभी कार्य क्षेत्र के समग्र विकास, शिक्षा सुविधाओं के विस्तार एवं आधारभूत संरचना के लिए मजबूत साबित होंगी। इस अवसर पर मुकेश जायसवाल, सरपंच विनोद कुमार टेकाम, देवेन्द्र कुमार, मोहन यादव, रामकुमार तंवर, रामकुमार मन्नु राठौर, अनिल आयाम, किशन सूर्यवंशी उपस्थित रहे।

# हनुमान जन्मोत्सव पर 21 हजार दीपों से लिखा गया जय श्रीराम



हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

पं. रविशंकर शुक्ल नगर स्थित संकट मोचन हनुमान मंदिर में श्री हनुमान जन्मोत्सव मनाया गया। इस अवसर पर न केवल श्रद्धा और भक्ति का अद्भुत संगम देखने को मिला, बल्कि शाम के समय एक ऐसा दृश्य सामने आया जिसने पूरे शहर को भावविभोर कर दिया। दोपहर 12 बजे विधिवत पूजा-अर्चना के साथ कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ। आचार्यों के मंत्रोच्चार के बीच हवन संपन्न हुआ, जिसमें सैकड़ों श्रद्धालुओं ने आहुति देकर अपने परिवार और समाज की सुख-समृद्धि की कामना की। पूरे परिसर में आध्यात्मिक ऊर्जा का संचार महसूस किया गया। हवन के पश्चात हनुमान चालीसा पाठ और मंगल आरती का आयोजन किया गया। सैकड़ों भक्तों ने एक साथ बैठकर पाठ किया, जिससे मंदिर परिसर पूरी तरह भक्तिरस में डूब गया। हर चौपाई के साथ जयघोष गूंजते रहे। संध्या 7 बजे आयोजन का सबसे अद्भुत और आकर्षक दृश्य सामने आया, जब मंदिर परिसर में 2100 दीपकों को सजाकर जय श्रीराम लिखा गया। दीपों की इस दिव्य रचना ने पूरे वातावरण को अलौकिक बना दिया। जैसे ही दीप प्रज्वलित हुए, पूरा परिसर प्रकाशमय हो उठा और श्रद्धालु इस दृश्य को देखकर मंत्रमुग्ध हो गए।

### भक्ति भाव के साथ मनाया गया हनुमान जन्मोत्सव



**भैसमा।** ग्राम भैसमा में प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी हनुमान जन्मोत्सव भक्ति भाव के साथ मनाया गया हनुमान मंदिर अंजोरीपाली में पूर्व से ही हनुमान जन्मोत्सव मनाने हेतु तैयारी चल रही थी हनुमान जन्मोत्सव के दिन भव्य शोभा यात्रा जिसमें लगभग 10 गांव के श्रद्धालु भक्त सम्मिलित हुए थे। शोभा यात्रा बाजार चौक से होते हुए अंजोरीपाली चौक तक भ्रमण कराया गया इसमें कर्मा दल के के साथ ग्रामवासी श्रद्धालु जय श्री राम का नारा लगाते हुए मंदिर हनुमान मंदिर अंजोरीपाली तक पहुंचे जहां हनुमान मंदिर समिति के द्वारा भोग प्रसाद की व्यवस्था की गई थी यहां सभी श्रद्धालु भक्तों को भोग प्रसाद का वितरण किया गया।

# छोटे भाई की हत्या कर फरार बड़ा भाई गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

जमीन बंटवारे को लेकर अपने ही भाई पर लाठी व डंडा से हमला कर हत्या की वारदात को अंजाम देने वाले फरार बड़े भाई को आखिरकार पुलिस ने घेराबंदी कर गिरफ्तार कर लिया है। पकड़े गये युवक को न्यायिक रिमांड पर जेल दाखिल कर दिया गया है।

उल्लेखनीय है कि पसान थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम सेनहा निवासी बैसाखूराम यादव ने थाना में रिपोर्ट दर्ज कराया है कि 2 अप्रैल को दोपहर 12 बजे महुआ बीनकर घर आया तो देखा कि उसका छोटा पुत्र दयाराम यादव रोड किनारे बेहोश पडा था उसके शरीर, सिर, नाक, माथा, पीठ और पैर में चोट लगा था। दयाराम यादव की पत्नी रामवती बतायी कि जेठ कल्याण यादव जमीन बंटवारा की बात को लेकर झगड़ा लड़ाई करते हुये दयाराम यादव को मारपीट करने लगा जब दयाराम बचने के लिये भागा तो घर में रखे बहिंगा लाठी (डण्डा) से ताबडतोड वार करने लगा। इस दौरान जब दयाराम जमीन पर गिर गया तो उसकी गला दबाने लगा जिसकी वजह से दयाराम यादव बेहोश हो गया। जिसे मरा हुआ समझकर कल्याण यादव वहां से भाग गया। परिजनों द्वारा दयाराम यादव को ईलाज हेतु पीएचसी पसान लेकर गये जहां से रेफर करने पर जिला अस्पताल गौरेला लेकर गये जहां डॉ द्वारा दयाराम यादव को मृत घोषित कर दिया गया। इस मामल में गौरेला थाना में मर्ग कायम कर मामला थाना पसान जिला कोरबा क्षेत्र का होने से शून्य में अपराध पंजीबद्ध कर थाना पसान को ऑनलाईन के माध्यम से प्रेषित करने पर थाना पसान में आरोपी कल्याण यादव के विरूद्ध असल अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना कार्यवाही में लिया गया।

# देहरादून में जिले के खिलाड़ी प्राप्त कर रहे हैं कर्लिंग खेल का प्रशिक्षण



प्रशिक्षण में शामिल खिलाड़ी।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा


कर्लिंग फेडरेशन ऑफ इंडिया के तत्वावधान में विंटर ओलंपिक खेल में शामिल कर्लिंग खेल का प्रशिक्षण शिविर हिमाद्री आईस रिंक देहरादून, उत्तराखंड में लेवल 1-26 से 28 मार्च तक एवं ओपन कर्लिंग प्रशिक्षण शिविर 31 मार्च से 4 अप्रैल तक आयोजित किया जा रहा है जिसमे छत्तीसगढ़ के खिलाड़ियों ने भी प्रशिक्षण प्राप्त कर लेवल 1 का दर्जा हासिल किया है। प्रशिक्षण शिविर राष्ट्रीय महासंघ की अध्यक्षा डॉ रश्मि सलूजा, महासचिव शौकत रसूल एवं पीएन राजू चैयरमेन एथलीट कमिसन के सतत निरीक्षण में प्रदान किया जा रहा है। छत्तीसगढ़ कर्लिंग एसोसिएशन एवं चैयरमेन एथलीट कमिसन ने बताया कि बर्फ पर रणनीतिक और शारीरिक सामंजस्य, बैलेन्स के साथ खेला जाने वाला कर्लिंग खेल अंतराष्ट्रीय ओलिम्पिक संघ से मान्यता प्राप्त है एवं विंटर ओलिंपिक, पैरालिम्पिक, एशियाई खेल जैसे उच्चतम स्तर में खेला जाता है। पिछले 4 सालों से कर्लिंग खेल का प्रशिक्षण गुलमर्ग, जम्मू कश्मीर में प्रदान किया जाता रहा है। यह प्रथम समय है जब खेल का प्रशिक्षण कृत्रिम आइस रिंक पर प्रदान किया जा रहा है। जिसमे देश के 90 खिलाड़ी ओपन प्रशिक्षण शिविर एवं 30 से अधिक कोच लेवल 1 का प्रशिक्षण प्राप्त करने शिविर में उपस्थित हुए हैं।

जाँजगीर मार्केट

फर्नीचर एवं डोर
आपके शहर जांजगीर में आदित्य प्लाई एंड हार्डवेयर में शादी-विवाह एवं अन्य शुभ अवसरों के लिए फैंसी फर्नीचर, स्टील अलमारी, पाटिकल अलमारी, डिलक्स अलमारी, ड्रेसिंग, सोफा, पलंग, दीवान, कुलर, काउंटर, मंदिर, टी टेबल, डायनिंग टेबल, ऑफिस फर्नीचर, होम फर्नीचर, स्टडी टेबल एवं अन्य आधुनिक फर्नीचर उचित मूल्य पर प्राप्त करें।
विशेष : (1) शादी-विवाह की खरीदी पर विशेष छूट
(1) मॉड्यूलर कीचन, बेडरूम, किड्स रूम, एलईडी स्टेंड डिजाईन एवं डेकोरेशन
आदित्य प्लाई एण्ड हार्डवेयर
नेता जी चौक के पास, लिंक रोड जांजगीर मो. 6260115021

सेन्ट्रीग सामान का थोक भंडार
आपके शहर जांजगीर में सिंघानिया लकड़ी लघु उद्योग मे बल्ली, राप्टर, कढी, बत्ता, वेडी, सेन्टीग प्लेट, सेन्टीग प्लाई बांस, चौखट, खिड़की दरवाजे थोक एवं चिल्हर कम दर पर प्राप्त करे बबूल,सागौन, सराई, खम्हार एवं अन्य इमारती लकड़ी मिलने का एक मात्र स्थान
नोट - जलाऊ लकड़ी एवं जलाऊ गुटका थोक एव चिल्हर मे प्राप्त करे
विशेष - अग्निशामक यंत्र (फायर सेफ्टी) मिलने का एक मात्र स्थान
सिंघनिया लकड़ी लघु उद्योग
नेती जी चौक लिंक रोड जांजगीर बैंक आफ बडोदा के बाजू मे
प्रो. शंकर सिंघानिया मो-93023 62173

DR. ABHIMANYU'S
AYURVEDA MULTISPECIALITY HOSPITAL
PAIN | PANCHKARMA | PILES | PEDIA | GYNAE | SKIN
छत्तीसगढ़ का प्रथम 20 बिस्तरीय हॉस्पिटल जो की पूर्ण रूप से आयुर्वेदिक उपचार को समर्पित
सेक्टर -7 कमल विहार, रायपुर (छ.ग.) 95224-66664, 62622-22003
सिटी सेन्टर - कृष्णा टॉकीज के सामने, समता कॉलोनी रायपुर (छ.ग.) 9826446666
समस्त रोगों का आयुर्वेदिक पद्धति द्वारा इलाज
हड्डी एवं जोडों का दर्द • नसों का रोग • त्वचा एवं बालों का रोग • स्त्री रोग • मानसिक रोग • मूत्र संबंधी रोग • मधुमेह (डायबिटीज़) • नेत्र रोग • किडनी संबंधी रोग • पेट संबंधी विकार • थायराइड • अस्थमा • मोटापा • मांसपेशी का रोग • मल द्वार रोग विशेषज्ञ
प्रदेश के समस्त शासकीय अधिकारी/कर्मचारी एवं उनके परिवार के आश्रित सदस्यों के उपचार उपरांत प्रतिपूर्ति (MEDICAL REIMBURSEMENTS) हेतु छ.ग. शासन से मान्यता प्राप्त



# 'धुरंधरः द रिवेंज' की बॉक्स ऑफिस पर पकड़ मजबूत

**मुंबई।** डायरेक्टर आदित्य धर की जासूसी थ्रिलर 'धुरंधरः द रिवेंज' बॉक्स ऑफिस पर एक अजेय योद्धा की तरह आगे बढ़ रही है। रिलीज के तीसरे शुक्रवार (16वें दिन) को फिल्म ने न केवल अपनी पकड़ मजबूत रखी, बल्कि दुनिया भर में 1500 करोड़ का जादुई आंकड़ा पार कर एक नया इतिहास रच दिया है। इस फ़िल्म ने पहले ही 'केजीएफः चेप्टर 2' (859.70 करोड़), 'आरआरआर (782.20 करोड़), और 'कल्की 2898 एडी' (646 करोड़) के भारत में हुए कलेक्शन को पीछे छोड़ दिया है। रिपोर्ट के अनुसार, शुक्रवार को 13,317 शो में फ़िल्म की कमाई में 17.8% की बढ़ोतरी दर्ज की गई।

## लाइफ Style

# रश्मिका

## पहली फिल्म से मिला हिट करियर

एजेंसी ▶▶ मुंबई

साउथ फिल्म इंडस्ट्री में कई ऐसी अभिनेत्रियां रही हैं, जिन्होंने 80 के दशक से लेकर अब तक हिंदी सिनेमा की तरफ रुख किया है। श्रीदेवी, जयाप्रदा, हेमा मालिनी और रेखा समेत कई ऐसी अभिनेत्रियां रही हैं, जिनके करियर की नींव दक्षिण भारत में रखी गई लेकिन सफलता उन्हें हिंदी सिनेमा से मिली।

आज के दौर की ऐसी ही अभिनेत्री हैं रश्मिका मंदाना, जिन्होंने दक्षिण भारत में हिट फिल्म देने के बाद पैन इंडिया सफलता पाने में देर नहीं लगाई। 5 अप्रैल को जन्मी रश्मिका तेलुगू और कन्नड़ फिल्म इंडस्ट्री में जाना-माना नाम बन चुकी हैं। उन्होंने फिल्म किरिक पार्टी से 2016 में फिल्मी दुनिया में कदम रखा था और अपनी पहली ही फिल्म से रश्मिका बहुत बड़ी स्टार बन गई थीं। इस फिल्म में अभिनेत्री ने अभिनेता रक्षित शेट्टी के साथ काम किया। 4 करोड़ में बनी फिल्म ने 50 करोड़ की मोटी कमाई की और यह फिल्म रश्मिका के करियर की पहली हिट भी बनी। इस फिल्म में न सिर्फ रश्मिका को अच्छा करियर दिया बल्कि उन्हें रक्षित शेट्टी के रूप में अच्छा पार्टनर भी मिला। दोनों की जोड़ी को कन्नड़ सिनेमा में बहुत पसंद किया जाने लगा और फैंस भी दोनों की जोड़ी को असल जोड़ी के रूप में देखने लगे। आलम ये था कि सेट पर रश्मिका और रक्षित के बीच नजदीकियां बढ़ चुकी थीं। दोनों ने फिल्म के सुपरहिट होने के बाद साल 2017 में सगाई की लेकिन दोनों का रिश्ता एक साल बाद ही टूट गया। अलग होने की वजह दोनों में वैचारिक मतभेद था लेकिन यह बात रक्षित के फैंस को बिल्कुल पसंद नहीं आई।



## हॉलीवुड मसाला



# एना की स्केरी मूवी में वापसी

**लॉस एंजेलिस।** हॉलीवुड की मशहूर हॉरर-कॉमेडी फ्रेंचाइजी 'स्केरी मूवी' इन दिनों सुर्खियों में है। दरअसल, इसका छठा पार्ट बनने जा रहा है। खास बात यह है कि इस फिल्म में एना फेरिस अपने लोकप्रिय किरदार सिंडी कैंपबेल के रूप में वापसी कर रही हैं, जिसे लेकर वह बेहद उत्साहित हैं। एना फेरिस ने कहा, जब मार्लोन वायंस ने मुझे फोन कर बताया कि वे 'स्केरी मूवी' की टीम को फिर से साथ ला रहे हैं, तो इस बात पर एक पल के लिए मुझे यकीन ही नहीं हुआ। यह मेरे लिए खुशी की बात थी।



# बचपन में हो गया था बेहद दुखी : रैडक्लिफ

**लॉस एंजेलिस।** हॉलीवुड स्टार डैनियल रैडक्लिफ के दुनिया भर में बड़ी संख्या में प्रशंसक हैं। हालांकि, बच्चों का 'हैरी पॉटर' फेम स्टार से खास रिश्ता है। अभिनेता ने अपने बचपन के बारे में खुलकर बात की। इस दौरान उन्होंने बताया कि उनके बचपन में कई पल ऐसे आए, जब वो टूट गए और बेहद दुखी हो गए थे। 'हैरी पॉटर' स्टार ने अपने कल की तुलना आज से करते हुए कहा कि मुझे नहीं लगता कि मेरा बचपन आज के रूप को पहचान पाएगा, क्योंकि अब मुझे जो खुशी मिल रही है, वह पहले नहीं थी। अभिनेता ने बताया, मेरी जिंदगी में ऐसे भी पल आए हैं, जब मैं बहुत ज्यादा दुखी था, खासकर तब जब मैं बहुत छोटा था। उन्होंने बताया, आज मैंने अपना दिन अपने 3 साल के बेटे के साथ सड़क पर टहलते हुए बिताया।



# महाकाल की भक्ति में लीन हुईं कावेरी

**उज्जैन।** अभिनेत्री कावेरी प्रियम उज्जैन स्थित महाकालेश्वर मंदिर बाबा महाकाल के दर्शन के लिए पहुंची। इस दौरान उन्होंने महाकालेश्वर मंदिर में बाबा भोलेनाथ का आशीर्वाद लिया और काफी देर तक हाथ जोड़कर बाबा के भक्ति रस में डूबी नजर आईं। नंदी महाराज के पास मौजूद अभिनेत्री बाबा महाकाल को निहारती नजर आईं। उन्होंने बताया कि वह पिछले तीन सालों से लगातार महाकाल दर्शन के लिए आ रही हैं। यहां की ऊर्जा को शब्दों में बयां करना बहुत मुश्किल है। भस्म आरती के समय जो शक्ति और ऊर्जा मिलती है, वह अलौकिक होती है। उसे महसूस करके ही समझा जा सकता है। यहां आकर मन को बहुत शांति मिलती है। अभिनेत्री कावेरी प्रियम ने 'नागिन 2', 'परदेस में है मेरा दिल' और 'सावधान इंडिया' जैसे शो में छोटी भूमिकाओं के साथ शुरुआत की।




# राजकुमार की 'टोस्टर' का ट्रेलर आउट

**मुंबई ।** अभिनेत्री सान्या मल्होत्रा और राजकुमार राव की आगामी फिल्म 'टोस्टर' का ट्रेलर जारी कर दिया गया है। यह फिल्म एक ऐसे आदमी के बचत करने के पक्के इरादे की कहानी है, जो चाहे कुछ भी हो जाए, बचत करना नहीं छोड़ता है। ट्रेलर में राजकुमार राव रमाकांत नामक प्यारे और सीधे-सादे कंजूस के रोल में दिख रहे हैं। रमाकांत को लगता है कि हर बचाया हुआ रुपया उसकी बड़ी जीत है। वह रोजमर्रा की छोटी-छोटी चीजों से भी ज्यादा से ज्यादा फायदा उठाने की कोशिश करता है और जिस चीज पर एक बार पैसे खर्च कर देता है, उसे आसानी से जाने नहीं देता। रमाकांत बचत करने के मामले में एक बिल्कुल ही नए स्तर पर पहुंच जाता है। कहानी में मोड़ तब आता है, जब रमाकांत और उसकी पत्नी एक शादी में किसी को टोस्टर गिफ्ट करते हैं।

## टीवी मसाला

# 'ऑन डिफरेंट ग्राउंड्स' से ग्लोबल मंच पर कदम रखेंगे विनीत रैना



मुंबई। छोटे पर्दे के मशहूर अभिनेता विनीत रैना अंतर्राष्ट्रीय फिल्म 'ऑन डिफरेंट ग्राउंड्स' के जरिए ग्लोबल मंच पर कदम रखने जा रहे हैं। यह फिल्म जून महीने में थिएटर्स में रिलीज होने वाली है। अभिनेता का मानना है कि भारतीय कलाकारों को अंतर्राष्ट्रीय फिल्मों में एक बार जरूर काम करना चाहिए। विनीत ने अपनी आगामी फिल्म 'ऑन डिफरेंट ग्राउंड्स' में शामिल होने की पूरी प्रक्रिया बताई। उन्होंने कहा, जब प्रोड्यूसर और राइटर निखिल निधि ने मुझे इस फिल्म का कॉन्सेप्ट सुनाया, तो मैं तुरंत तैयार हो गया। मना करने का कोई कारण ही नहीं था। यह मेरी कला को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर ले जाने का शानदार मौका था। एक एक्टर के तौर पर मुझे लगता है कि ऐसे अवसरों को हमेशा हाथ से नहीं जाने देना चाहिए।उन्होंने कहा, इस फिल्म में घाना, दक्षिण अफ्रीका और यूएसए के कई प्रतिभाशाली अंतर्राष्ट्रीय कलाकार काम कर रहे हैं। मेरी को-स्टार अवीना, जो कि मिस यूएसए हैं। उन्होंने कहा, हमें सक्रिय रूप से अंतर्राष्ट्रीय कास्टिंग एजेंसियों से जुड़ना चाहिए और दुनियाभर में मौजूद मौकों को तलाशने चाहिए। रचनात्मकता का यह आदान-प्रदान हमें फिल्म-निर्माण की अलग-अलग शैलियां सीखने में मदद करता है और कलात्मक विकास को बढ़ावा देता है।



# डिवोर्स के बाद हंसिका की नए फेज में एंट्री

**मुंबई।** साउथ एक्ट्रेस हंसिका मोटवानी इन दिनों अपनी पर्सनल लाइफ को लेकर सुर्खियों में बनी हुई हैं। एक्ट्रेस ने हाल ही में अपने डिवोर्स का ऐलान किया था। वहीं, पति सोहेल खातोरिया से तलाक के बाद अब हंसिका अपनी जिंदगी के नए फेज में एंटर कर चुकी हैं। दरअसल, हंसिका ने हाल ही में सोशल मीडिया पर अपनी कुछ तस्वीरें शेयर की,जिनमें वह जापान की खूबसूरत वादियों में छुट्टियां मनाती नजर आ रही हैं। इंटरनेट पर हंसिका के इस ट्रीप की तस्वीरें खूब वायरल हो रही है। इन फोटो में हंसिका काफी रिलैक्स और खुश नजर आ रही हैं. इसके अलावा, वो अपनी मां और भाई के साथ मस्ती करती हुई नजर आ रही हैं। सोशल मीडिया पर फैंस भी हंसिका के इस अंदाज को काफी पसंद कर रहे हैं। हंसिका के इंस्टाग्राम अकाउंट को ध्यान से देखने पर फैंस ने गौर किया कि एक्ट्रेस ने पति सोहेल कथूरिया के साथ की सभी तस्वीरों और वीडियो को डिलीट कर दिया है। यहां तक कि शादी की तस्वीरें भी नजर नहीं आ रही हैं।

# फिल्म 'कप्तान' में अपराधी के किरदार में दिखेंगे सिद्धार्थ

**मुंबई।** अभिनेता सिद्धार्थ निगम इन दिनों एक्शन-क्राइम ड्रामा वेब सीरीज 'कप्तान' को लेकर सुर्खियों में बने हुए हैं। सीरीज में उन्होंने एक कबीर नाम के आक्रामक, भावुक और दृढ़ निश्चयी अपराधी का किरदार निभाया है। सिद्धार्थ निगम ने बताया कि फिल्म कबीर का रोल मिलने के बाद उन्होंने इमोशनल लेयर्स को बेहतर समझने के लिए एक्टिंग वर्कशॉप की थी।

उन्होंने बताया, इस किरदार में बहुत गहराई और अंदरूनी संघर्ष हैं। वर्कशॉप ने मुझे हर सीन को नई नजर से देखने में मदद की। यह मेरे करियर का अहम पड़ाव था। सिद्धार्थ ने आगे अपने किरदार को रोमांचक बताया। उन्होंने कहा, मेरा रोल चैलेंजिंग नहीं, बल्कि बहुत रोमांचक है। हर



एक्टर लेयर्ड रोल चाहता है, जिसमें एक्शन, इमोशन और हल्का ह्यूमर भी हो। इस स्क्रिप्ट में ये सारे एलिमेंट पहले से थे, इसलिए मुझे सब एक्सप्लोर करने का पूरा मौका मिला। उन्होंने शूटिंग के दौरान आने वाली चुनौतियों के बारे में बताया। अभिनेता ने कहा, शूटिंग के दौरान हमारे लिए सबसे बड़ा चुनौती थी मौसम। हम हर दिन तेज गर्मी में शूटिंग कर रहे थे और उसमें भरपूर एक्शन सीन भी थे। एक बार अंजुम शर्मा के साथ फाइट सीन के दौरान हम यह भी नहीं समझ पा रहे थे कि किसे ज्यादा पसीना आ रहा है।

# मोरक्कन संग 'बेजाफ' में बिखेरेंगी जलवा



**मुंबई।** कहते हैं कि कला की कोई सीमा नहीं होती है और इस बात को अभिनेत्री शहनाज गिल ने सच कर दिखाया है। दरअसल, उन्होंने मोरक्को पॉप स्टार साद लमजारेद के साथ मिलकर 'बेजाफ' गाना बनाया है। इस गाने में भारतीय और मोरक्कन संस्कृति का अनोखा मेल सुनने को मिलेगा। शहनाज ने अपने इंस्टाग्राम पर इस गाने का पोस्टर शेयर किया। पोस्टर में शहनाज और साद लमजारेड दोनों नजर आ रहे हैं, जिसे देखकर फैंस काफी उत्साहित नजर आ रहे हैं। शहनाज ने पोस्ट कर लिखा, इस साल के पहले क्रॉस-कल्चरल हिट 'बेजाफ' के लिए तैयार हो जाइए। इसका टीजर रविवार सुबह 11 बजे यूट्यूब चैनल पर रिलीज होगा। यह गाना दोनों कलाकारों की क्रॉस-कल्चरल कोलैबोरेशन है। 'बेजाफ' गाने में भारतीय धुनों के साथ मोरक्कन बीट्स और इंस्ट्रूमेंट्स का खास मिश्रण है। इसमें अलग-अलग भाषाओं और संगीत शैलियों का सुंदर संगम है।

## 'द कंज्यूरिंग' से 'द शाइनिंग' तक, हर पल होगी धड़कन तेज

# डर से कांप जाएगी रूह, ओटीटी पर देखें हॉरर फिल्में

***मुंबई।** कुछ बेहतरीन हॉरर फिल्म जिन्हें देख आपकी रूह कांप जाएगी। ये सारी फिल्में ओटीटी पर अवेलेब है। अगर आप हॉरर फिल्मों के शौकीन हैं, तो यह लिस्ट आपके लिए बिल्कुल परफेक्ट है। ओटीटी पर मौजूद ये फिल्में अपने डरावने सीन्स और सस्पेंस से आपको पूरी तरह बांध लेंगी। 'द कंज्यूरिंग' से लेकर 'द शाइनिंग' तक, इन फिल्मों का हर पल आपकी धड़कनों को तेज कर देगा और आपको आखिर तक स्क्रीन से हटने नहीं देगा।*

### 'द कंज्यूरिंग' सबसे डरावनी फिल्म

'द कंज्यूरिंग' एक सबसे डरावनी फिल्म मानी जाती है। इस फिल्म को जेम्स वॉन ने डायरेक्ट किया था। फिल्म में वेरा फार्मिगा, पैट्रिक विल्सन और रॉन लिविंगस्टन जैसे स्टार्स नजर आए। इस फिल्म को आप प्राइम वीडियो पर देख सकते हैं।

### 2014 में रिलीज फिल्म 'एनाबेल'

साल 2014 में रिलीज हुई फिल्म 'एनाबेल' में दिखाया गया है कि, कैसे एक गुड़िया के सहारे एक शख्स कुछ लोगों की जिंदगी को कठिन बनाता है। फिल्म में एनाबेले वलिस, वार्ड हॉर्टन और अल्फ्रे वुडार्ड ने काम किया। इसे आप नेटफ्लिक्स पर देख सकते हैं।



### मां और बेटे की कहानी 'द बाबाडूक'

साल 2014 में रिलीज हुई फिल्म 'द बाबाडूक' में एक मां और बेटे की कहानी दिखाई गई है। जिन्हें एक किताब 'मिस्टर बाबाडूक' की वजह से परेशानियां झेलनी पड़ती है। ये फिल्म प्राइम वीडियो पर अवेलेबल है।

### 'द शाइनिंग' बेहतरीन हॉरर फिल्म

साल 1980 में रिलीज हुई फिल्म 'द शाइनिंग' एक बेहतरीन हॉरर फिल्म है। इस फिल्म को स्टेनली कूबिक ने डायरेक्ट किया था। फिल्म की कहानी 1977 में द शाइनिंग नाम की बुक पर बेस्ड है, जिसे स्टीफन किंग ने लिखा था। फिल्म में जैक निकोलसन , शेली डुवैल , डैनी लॉयड और स्कैटमैन क्रॉथर्स जैसे स्टार्स नजर आए थे। इस फिल्म को आप ओटीटी प्लेटफॉर्म प्राइम वीडियो पर देख सकते हैं।

### ब्रिटिश हॉरर-थ्रिलर 'द डिसेंट'

'द डिसेंट' एक ब्रिटिश हॉरर-थ्रिलर फिल्म है। यह फिल्म छह महिलाओं की कहानी है, जो एक गुफा की खोज के दौरान फंस जाती हैं। ये फिल्म अपने जबरदस्त सीन्स, खौफनाक माहौल के लिए जानी जाती है। इसे आप जियो हॉटस्टार पर देख सकते हैं।

### 'इंसिडियस' सुपरनैचुरल हॉरर फिल्म

'इंसिडियस' एक सुपरनैचुरल हॉरर फिल्म है और इसे एक बेहतरीन फिल्म माना जाना है। इस फिल्म को जेम्स वॉन ने डायरेक्ट किया था। फिल्म में 'द फर्दर' नाम की एक मिस्टीरियस दुनिया के बारे में दिखाया गया है, जहां आत्माएं बसती हैं। इस फिल्म को आप ओटीटी प्लेटफॉर्म प्राइम वीडियो पर देख सकते हैं।

## खबर संक्षेप

### भक्त कर्मा माता भवन में आध्यात्मिक सत्संग आयोजित



**नवागढ़।** संत रामपाल महाराज के सानिध्य में ग्राम पंचायत पोड़ी के साहू समाज भक्त कर्मा माता भवन में एकदिवसीय आध्यात्मिक सत्संग कार्यक्रम का आयोजन किया गया। क्षेत्र के श्रद्धालु बड़ी संख्या में आध्यात्मिक सत्संग सुनने बढ़ चढ़ के भाग लिया। संत के द्वारा श्रीमद् भागवत गीता में छिपे गुण रहस्यों का आध्यात्मिक सत्संग के माध्यम से उजागर किया गया। गीता अध्याय 9 श्लोक 25 में कहां गया है कि देवताओं को पूजने वाले देवताओं को प्राप्त होते हैं, पितरों को पूजने वाले पितरों को प्राप्त होते हैं, भूतों को पूजने (पिंड दान करने) वाले भूतों को प्राप्त होते हैं अर्थात भूत बन जाते हैं, शास्त्रानुकूल (पवित्र वेदों व गीता अनुसार) पूजा करने वाले मुझको ही प्राप्त होते हैं अर्थात काल द्वारा निर्मित स्वर्ग व महास्वर्ग आदि में कुछ ज्यादा समय मौज कर लेते है। कबीर साहेब ही पूर्णब्रम्ह परमेश्वर है जिन्होंने छः दिन में सृष्टि रची और सातवें दिन तख्त (सिंहासन) में विराजमान हुआ। कबीर परमेश्वर चारों युगों में आते है। सतयुग में सतसुकृत, त्रेता में मुनींद्र, द्वापर में करुणामय और कलयुग में अपने वास्तविक नाम कबीर परमेश्वर जी के रूप में प्रकट होते है। काल के लोक में फंसे सभी भक्त आत्माओं को सद्भक्ति, वास्तविक मंत्र प्रदान करके मोक्ष शाश्वत स्थान को ले जाते है। शाश्वत स्थान सतलोक को प्राप्त होने के बाद जीवों जन्म-मृत्यु हमेशा-हमेशा के लिए खत्म हो जाते है। वर्तमान समय में कबीर परमेश्वर तत्वदर्शी संत रामपाल महाराज के रूप लीला कर रहे पूरे मानव समाज के उत्थान के लिए लगातार प्रयासरत है। आध्यात्मिक सत्संग कार्यक्रम में जगतदास महंत, उमाशंकर साहू, रूपचंद बघेल, श्याम कुमार साहू, राजेंद्र साहू, कृष्णा पटेल, श्यामसुंदर साहू,धनीराम यादव, फूलचरण चंद्रा, दिलीप आदिले उपस्थित रहे।

### अखिल भारतीय सृजन मारवाड़ी महिला समिति की प्रीति बनी अध्यक्ष



**बाराद्वार।** नगर के अग्रसेन भवन में अखिल भारतीय बाराद्वार सृजन मारवाड़ी महिला समिति की बैठक आयोजित की गई। इस दौरान सर्वसम्मति से प्रीति शर्मा को अध्यक्ष एवं पायल शर्मा को सचिव नियुक्त किया गया। इसके बाद नये पदाधिकारियों को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई गई। अखिल भारतीय बाराद्वार सृजन मारवाड़ी महिला समिति छत्तीसगढ़ शाखा का अग्रसेन भवन में बैठक का आयोजन किया गया। जिसमें संगठन प्रार्थना के साथ बैठक की शुरुआत की गई। इस अवसर पर सर्वसम्मति से अखिल भारतीय बाराद्वार सृजन मारवाड़ी महिला समिति की अध्यक्ष पद पर प्रीति शर्मा (अन्नपूर्णा), कोषाध्यक्ष पद पर किरण सावड़िया और सचिव पद के लिए पायल शर्मा चुनी गयी। नये पदाधिकारियों को पद एवं गोपनीयता की शपथ प्रांतीय सह सचिव सीमा भंडारी के द्वारा दिलाया गया। बैठक में मारवाड़ी महिला सम्मेलन का भी शपथ ग्रहण कराया गया। कार्यक्रम में सीमा भंडारी, नेहा शर्मा, हैप्पी अग्रवाल, पिंकी सावड़िया, खुश्बू शर्मा, सपना जिंदल, गीता बंसल, मोना सिंघानिया , राधा अग्रवाल, रेनू अग्रवाल सहित शाखा की सदस्य बड़ी संख्या में उपस्थित रही।

### शिक्षा के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य के लिए सम्मानित हुए शिक्षक



**किरारी-अकलतरा।** अकलतरा विकासखंड के शासकीय प्राथमिक शाला पौना के वरिष्ठ शिक्षक तीजराम लहरे, शासकीय प्राथमिक शाला कटघरी के शिक्षक रुपेश सिंह, शासकीय प्राथमिक शाला बनाहिल की शिक्षिका श्रीमती मोनिका पांडेय को शिक्षा के क्षेत्र में एफएलएन सह नवाजतन वॉरियर्स शिक्षक के उल्लेखनीय कार्य करने के लिए राज्य स्तरीय शिक्षक सम्मान समारोह में सम्मानित किया गया। दुर्ग जिला में आयोजित कार्यक्रम में शिक्षा मंत्री गजेंद्र यादव ने सभी को प्रशस्ति पत्र एंव मोमेंटो देकर सम्मानित किया। एफएलएन सह नवाजतन रिसोर्स शिक्षक सम्मान के लिऐ राज्य से वेब लिंक के माध्यम से सभी शिक्षको को अपनी अपनी शालाओं में की जा रही शैक्षिक गतिविधियां नवाचार नवा जतन एंव अन्य चुनौतिया जो सभी शालाओं में की जाती है को वेब लिंक के माध्यम से भरा गया, जिसमें राज्य के 72000 शिक्षकों मे से जिला डाईट के डीआरजी टीम एंव एससीईआरटी के राज्य टीम के द्वारा विभिन्न प्रश्न के माध्यम से शिक्षक का साक्षात्कार किया गया, जिसमें राज्य के 100 शिक्षको का चयन एफएलएन सह नवाजतन वारियर्स शिक्षक सम्मान 2026 के लिऐ हुआ। इस अवसर पर एफएलएन नवाजतन रिसोर्स शिक्षक परिवार छगअध्यक्ष आर. के.जलतारे, उप संचालक लोक शिक्षण छ.ग. आशुतोष चावरे, संयुक्त संचालक राज्य शौक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद छ.ग. के अधिकारी एवं शिक्षकगण बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

## साइबर लॉ एवं डिजिटल एविडेंस पर कार्यशाला आयोजित

# सावधान रहें, लालच से बचें क्योंकि कोई भी आपको मुफ्त में कुछ नहीं देता : ठाकुर

हरिभूमि न्यूज ⏭ सक्ती

साइबर लॉ एवं डिजिटल एविडेंस की स्वीकार्यता पर रविवार 5 अप्रैल को जिला स्तरीय कार्यशाला आयोजित किया गया।

कार्यशाला में पुलिस अधीक्षक प्रफुल्ल ठाकुर ने कहा कि सावधान रहें लालच से बचें क्योंकि कोई भी आपका मुफ्त में कुछ नहीं देता। उन्होंने कहा कि हम चंद लालच के चक्कर में साइबर के दल दल में घुसते चले जाते हैं और जब तक कुछ समझ आए, तब तक लंबे नुकसान उठा चुके होते हैं। कार्यशाला के आयोजक राष्ट्रीय मानवाधिकार एवं सामाजिक न्याय आयोग लीगल सेल के प्रदेश अध्यक्ष उच्च न्यायालय अधिवक्ता चितरंजय पटेल ने कहा कि हमारा संगठन सामाजिक दायित्वों के निर्वहन में समाज के मूलभूत एवं ज्वलंत मामलों में जन जागरण हेतु निरंतर कार्यक्रमों का आयोजन करता है। इसी तारतम्य में जिला अधिवक्ता परिषद एवं कलिंगा यूनिवर्सिटी के सामूहिक प्रयास से आज साइबर लॉ एवं डिजिटल एविडेंस की स्वीकार्यता पर व्याख्यान माला आयोजित किया गया जिसमें मिडिया एवं जिला तथा पुलिस प्रशासन का सराहनीय योगदान रहा। व्याख्यान माला में कलिंगा विश्वविद्यालय के कुमारी चिकीता मल्होत्रा ने साइबर लॉ पर चर्चा किया तो वहीं डॉ. सव्यसाची पाण्डेय ने डिजिटल एविडेंस की स्वीकार्यता पर चर्चा करते हुए साइबर लॉ के प्रावधानों पर विस्तार से बात रखते हुए साइबर मामलों में पुलिस विवेचना की दिशा में महत्वपूर्ण मार्गदर्शन दिया। कालिंग यूनिर्वसिटी के वाइस चांसलर डॉ श्रीधर ने आर्शिवचन एवं आभार प्रगट करते हुए कहा कि आज हम स्वयं अपने आपको साइबर अपराधियों को परोस रहे हैं क्योंकि क्षणिक मौज एवं लालच में अपनी डेटा साइबर फ्रॉड को प्रोवाइड करते हैं जिसके मिसयूज से हमको भारी नुकसान पहुंचता है। कार्यक्रम का संचालन एनएसआरएसजेसी के जिला अध्यक्ष महेंद्र बरेठ तथा अतिथियों का स्वागत जिला अध्यक्ष महिला सेल कांता यादव ने किया। मंचासीन अतिथियों का स्वागत अधिवक्त गनी मोहम्मद , वरिष्ठ पत्रकार कन्हैया गोयल, जर्नलिस्ट एसोसियेशन के बजरंग अग्रवाल, अशासकीय विद्यालय प्रबंधक कल्याण संघ के जिलाध्यक्ष दुलीचंद साहू, अधिवक्ता परिषद के जिला महामंत्री विजय चंद्रा, तहसील अध्यक्ष मालिक राम यादव, कलिंगा विश्वविद्यालय के असिस्टेंट मैनेजर मोहम्मद तौकिर तथा साइबर सेल प्रभारी उप निरीक्षक कंवर ने पुष्पगुच्छ भेंटकर किया तो वहीं समापन अवसर पर कलिंगा विश्वविद्यालय रायपुर के द्वारा मुख्य अतिथि पुलिस अधीक्षक प्रफुल्ल ठाकुर, उच्च न्यायालय अधिवक्ता चितरंजय पटेल, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पंकज पटेल, डिप्टी कलेक्टर रूपेंद्र पटेल, अनुविभागीय अधिकारी पुलिस डॉ भुनेश्वरी पैकरा को स्मृतिचिन्ह भेंट किया गया। कार्यशाला के अंत में प्रश्नोत्तर कल अपनी जिज्ञासाओं का समाधान भी प्राप्त किया। व्याख्यान माला में जिले भर से पुलिस थानों से विवेचना अधिकारी, पत्रकार, अधिवक्ता, मानवाधिकार कार्यकर्ता, विद्यालय प्रबंधक के लोग उपस्थित थे।



कार्यशाला के शुभारंभ अवसर पर उपस्थित अतिथिगण।

# 24 घंटे से ट्रांसफार्मर खराब गर्मी से लोग हो रहे परेशान



हरिभूमि न्यूज ⏭ बहेराडीह

समीपस्थ ग्राम बालपुर में लगे बिजली ट्रांसफार्मर में शनिवार की रात 9 बजे एकाएक तकनिकी खराबी आ गई। उसके बाद रात बीत गईं। दूसरे दिन रविवार को भी सुबह से शाम तक ट्रांसफार्मर में आई तकनिकी खराबी को दूर करने सम्बंधित विभाग के कोई कर्मचारी मौके पर नहीं पहुंचे। विभाग के लापरवाही का खामियाजा ग्रामीणों को भुगतना पड़ रहा है। बालपुर के ग्रामीण महेश मन्नेवार, भरत श्रीवास और अन्य ग्रामीणों ने बताया कि शनिवार 4 अप्रैल को रात्रि 9 बजे लाइन हाफ हो गईं और 5 मिनट बाद लाइन पूर्ण रूप से गुल हो गईं। उसके बाद पूरी रात बीत गईं और रविवार 5 अप्रैल भी बीत गई। लेकिन सम्बंधित विभाग के जवाबदार कर्मचारी मौके पर नहीं पहुंचे। गांव में बिजली नहीं होने से ग्रामीणों का भीषण गर्मी में जीना मुहाल हो गया है। बालपुर के ग्रामीणों ने बताया कि यहां के ग्रामीण बिजली को लेकर आये दिन परेशान रहते हैं। वहीं ग्रामीणों की इस तरह की गंभीर समस्या से जनप्रतिनिधियों को कोई मतलब नहीं है।

**कलेक्टर के पास सुनाएंगे फरियाद**-चांपा सिवनी से लगे बालपुर गांव के ग्रामीणों ने बताया कि गांव में ख़राब ट्रांसफार्मर को तत्काल सुधार कार्य करके बिजली चालू नहीं किया जाता है, तो सोमवार को ग्रामीणों ने फैसला किया है कि वे अपनी फरियाद को लेकर कलेक्टर से मुलाक़ात करेंगे।

# आतंरिक गुणों से ही विश्व एकता संभव : रुक्मणी

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिर्रा

- विश्वास एवं एकता के लिए आंतरिक गुणों की आवश्यकता विषय पर ज्ञान परिचर्चा आयोजित

प्रजापिता ब्रह्मा कुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय की स्थानीय सेवाकेंद्र में रविवार 5 अप्रैल को सुबह 11.30 से आयोजित विश्वास एवं एकता के लिए आंतरिक गुणों की आवश्यकता विषय पर कार्यक्रम आयोजित किया गया।

कार्यक्रम में रायगढ़ से पहुंची वरिष्ठ राजयोग शिक्षिका ब्रह्मा कुमारी रुक्मिणी ने कहा कि बिना आत्मा के निजी गुणों को कर्म व्यवहार में लाये बिना परिवार में विश्वास एवं एकता लाना संभव नहीं है। उन्होंने कहा कि आज भाई भाई में, पिता पुत्र में, गुरु शिष्य में, मालिक नौकर में या कहें कि अपने आप में विश्वास को खो दिये है कारण स्वयं को पांच तत्वों का पुतला समझना, जब कि हम एक चैतन्य आत्मा हैं जो इस शरीर का मालिक है बिना आत्मा के इस शरीर का कोई अस्तित्व नहीं । अब ये विश्वास पुनः कैसे आयेगा इसके लिए इस सृष्टि पर किसी ईश्वरीय शक्ति के आगमन की जरुरत है क्योंकि सभी आत्माएं तमोगुणी हो चूके हैं, इसलिए परमात्मा को इस धरती पर आना पड़ता है। संस्था के जांजगीर प्रक्षेत्र की संचालिका ब्रह्माकुमारी चंद्रिका ने कहा कि हम आत्मा एक परमपिता परमात्मा की संतान होने के कारण आपस में भाई भाई है ये स्वीकार करने से ही आपस में विश्वास और एकता होगी। सभी धर्म पिताओं ने भी यही सन्देश दिया है। उन्होंने कहा कि आज जो भी संसार में समस्याएं है वे सब देह अभिमान के कारण ही है और इसका निवारण केवल आत्मिक ज्ञान में है। राजगांगपुर ओडिशा से पहुंची ब्रह्मा कुमारी राजमोहिनी ने कहा कि आत्मा का मूल स्वभाव सतोगुणी है अर्थात आत्मा सात गुणों से युक्त है जिस प्रकार शरीर पांच तत्वों से युक्त है तो हम समय समय पर शरीर को उनकी आवश्यकता के अनुरूप प्यास होने पर जल, शक्ति की कमी होने पर भोजन, शुद्ध आक्सीजन देते हैं ऐसे ही आत्मा को भी जरुरत है जो केवल और केवल परमात्मा से ही मिल सकता है इसके लिए राजयोग ध्यान एक प्रभावी माध्यम है। संस्थान का परिचय देते हुए बी. के. खुशबू ने कहा कि विगत 90 वर्षों से यह संस्था विश्व बधुत्व, विश्व शांति एवं विश्व एकता के कार्यों में सतत प्रयासरत है। मानव उत्थान के उत्कृष्ट कार्यों को देखते हुए इन्हे संयुक्त राष्ट्र संघ द्वारा अंतराष्ट्रीय शांति दूत तथा राष्ट्रीय स्तर के 5 पुरस्कार प्राप्त हो चूके है। रिटायर्ड शिक्षक एम. एल. साहू ने कहा कि स्वंय को कर्ता मानकर चलना ही समस्त समस्याओ की जड़ है, हम कोई ईश्वर नहीं है लेकिन ईश्वर की रचना है यदि हम उनके आदेशों के अनुसार कर्म करें तो किसी से डरने की जरुरत नहीं है। बिर्रा क्षेत्र के पत्रकार डी.एन. देवांगन ने भी कार्यक्रम की सफलता एवं शिव ध्वजरोहन पर अपनी शुभकामनायें व्यक्त की। कार्यक्रम का शुभारम्भ दिव्य गीत एवं ईश्वरीय स्मृति से हुआ। इस कार्यक्रम का 150 से अधिक लोग उपस्थित थे।




उपस्थित लोगों को जानकारी देती ब्रह्म कुमारी बहनें।

# शिविर में 30 ने किया रक्तदान, चार लोगों ने नेत्रदान का लिया संकल्प



जरुरतमंदों को लिए शिविर में रक्तदान करते लोग।

हरिभूमि न्यूज ⏭ अकलतरा

वेल विशर फाउंडेशन सामाजिक संस्था द्वारा में स्वैच्छिक रक्तदान, नेत्रदान एवं देहदान जागरूकता शिविर का आयोजन ब्रेनी बियर स्कूल परिसर में हमर संगवारी ग्रुप, यूथ इंडिया क्लब एवं हैप्पी वेलफेयर सोसायटी के सहयोग से किया गया। शिविर में वेल विशर फाउंडेशन की कोषाध्यक्ष रंजना सिंह के द्वारा रक्तदान के साथ नेत्र दान की घोषणा कर मानवता की मिसाल दी। शिविर में कुल 30 लोगों ने रक्तदान किया, वहीं 4 लोगों ने नेत्रदान के लिए संकल्प लिया। इसके साथ ही उपस्थित नागरिकों को देहदान के महत्व और इसके सामाजिक योगदान के बारे में विस्तृत जानकारी देकर जागरूक किया गया।कार्यक्रम में पूर्व सैनिक रोहित सारथी, बिहारी ताम्रकार, रंजना सिंह, ओम प्रकाश साहू, केशव कौशिक, श्रीपाल सिंह बैस, चिराग शर्मा, छोटू कश्यप, ईश्वर साहू, दीपक साहू, मोहन कश्यप, शैलेंद्र श्रीवास, प्रदीप विश्वास, डॉ दयामणि साहू,मोनू नामदेव, अविनाश साहू, पारस साहू, गौतम साहू, मनीष धीवर , रवि निर्मलकर ,सतीश मानिकपुरी ,स्वास्थ्य बिभाग से द्वाज राम भारते प्रीतेश सिंह सहित अनेक समाजसेवियों की सक्रिय सहभागिता रही।आयोजकों ने सभी रक्तदाताओं, सहयोगियों एवं प्रतिभागियों का आभार व्यक्त करते हुए भविष्य में भी ऐसे जनहितकारी कार्यक्रमों के आयोजन का संकल्प दोहराया।

# बच्चों के समग्र विकास के लिए न्योता भोज महत्वपूर्ण

हरिभूमि न्यूज ⏭ शिवरीनारायण

शासकीय बालक पूर्व माध्यमिक शाला शिवरीनारायण में 'न्योता भोज' कार्यक्रम का आयोजन उत्साहपूर्ण वातावरण में किया गया।

- शासकीय बालक पूर्व माध्यमिक शाला में 'न्योता भोज' का आयोजन

इस अवसर पर विद्यार्थी अनुशासन के साथ पंक्तिबद्ध होकर भोजन करते नजर आए। 'न्योता भोज' योजना का उद्देश्य समाज के लोगों को विद्यालय से जोड़ना और बच्चों के पोषण स्तर को बेहतर बनाना है। विद्यालय के प्रधान पाठक ओमप्रकाश शर्मा ने बताया कि 'न्योता भोज' एक सराहनीय पहल है, जिसके माध्यम से कोई भी व्यक्ति अपने जन्मदिन, विवाह वर्षगांठ या अन्य शुभ अवसर पर विद्यालय में आकर विद्यार्थियों को भोजन करा सकता है। इससे समाज और विद्यालय के बीच संबंध और भी मजबूत होते हैं तथा बच्चों को अतिरिक्त पोषण भी प्राप्त होता है। इस अवसर पर जिला शिक्षा अधिकारी अशोक सिंहा ने कहा कि इस प्रकार की योजनाएं बच्चों के समग्र विकास के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण हैं। इससे विद्यार्थियों को पौष्टिक भोजन मिलने के साथ-साथ समाज में शिक्षा के प्रति जागरूकता और जिम्मेदारी की भावना भी बढ़ती है। इस अवसर पर हरिराम जायसवाल डीएमसी जांजगीर, नवागढ़ ब्लॉक शिक्षा अधिकारी अशोक पाटले, नगर पंचायत अध्यक्ष राहुल थवाईत, प्रधान पाठक ओमप्रकाश शर्मा, द्रोपदी केशरवानी, बुद्धेश्वर केशरवानी, डॉ. धर्मेन्द्र राम, ओमप्रकाश साहू, मनोज तिवारी, बसंत देवांगन, कोमल साहू, तेरस राम कुर्रे सहित जनप्रतिनिधि व गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।



न्योता भोज करते बच्चे।

# हर बूथ हर वार्ड में कमेटी बनाकर पार्टी को करें मजबूत

हरिभूमि न्यूज ⏭ चांपा

प्रदेश कांग्रेस कमेटी के आदेशानुसार व जिला कांग्रेस कमेटी के निर्देश पर ब्लॉक चांपा शहर में बैठक रखी गई। कार्यक्रम की शुरुवात सर्वप्रथम राष्ट्रपिता महात्मा गांधी एवं बाबा साहब भीमराव अम्बेडकर के तैलीय चित्र पर माल्यार्पण फूल माला धूप दीप पुष्पांजलि करते हुए की गई।

जिलाध्यक्ष राजेश अग्रवाल ने सभी को निर्देशित करते हुए बताया कि उदयपुर संकल्प शिविर से हर बूथ हर वार्ड में कमेटी बनाकर पार्टी मजबूती प्रदान करते हुए हर कार्यकर्ता 2028 के लिए कमर कस ले और जल्द से जल्द संगठन मजबूत करके कमेटी गठित कर सूची ब्लॉक अध्यक्ष को सौंपे। वार्ड व बूथ कमेटी के संबंध में विस्तार से चांपा ब्लॉक के प्रभारी राजेन्द्र शुक्ला ने उपस्थित कांग्रेसजनों को बताया और संगठन के बारे में अपनी बातें रखी। प्रभारी डॉ. काजल किरण सिंह ने भी अपनी बातें रखते हुए उपस्थित कांग्रेसजनों को महिलाओं को संगठन में जोड़ने उनकी भागीदारी सुनिश्चित करने व हर बूथ वार्ड में नारी शक्ति को जवाबदारी प्रदान करने के लिए कहा। जिला प्रवक्ता नागेंद्र गुप्ता, ने अपनी बातों को विस्तार रखते हुए हर बूथ सेक्टर मंडल को अपनी अपनी सूची जल्द से जल्द बनाकर संगठन को जमा करने को कहा। मंच का संचालन ब्लॉक अध्यक्ष सुनील साधवानी ने करते हुए उपस्थित सभी कांग्रेस जनों को विस्तार से संगठन सृजन के तहत बूथ सेक्टर मंडल वार्ड कमेटी का विस्तार संबंधित रूपरेखा कैसे तैयार की जाए और जल्द जल्द सूची बनाने निर्देशित किया। कार्यक्रम का आभार मंडल अध्यक्ष अनिल मोदी, ने किया कार्यक्रम में मुखरूप से उपस्थित रहे। उक्त कार्यक्रम में उपेन्द्र सिंग, ठाकुर नारायण सोनी, अनिल मोदी, राज सरोज, जिला महामंत्री नागेंद्र गुप्ता, उपाध्यक्ष किशन सोनी, महामंत्री सेवक बूटू देवांगन, श्रीमती शांति सोनी, रामबाई स्वर्णकार, दुर्गा कुर्रे, ललित देवांगन, डुग्गू प्रधान, रंजन केवट, संजय देवांगन, भूपेंद्र चंद्रा, व्यापार प्रकोष्ठ जिलाध्यक्ष राज अग्रवाल, पार्षद अनिल रात्रे, अंजली देवांगन, पुरुषोत्तम देवांगन, पवन साहू, पवन आर्य जिब्बू, गिरधर देवांगन हरदयाल तंवर, राजू शर्मा, माणिक मसीह, अनीता प्रकाश अंजुम, अंसारी, कविता देवांगन, रोहित देवांगन, संतोष अनंत, आशीष कसेर, गोविंदा वैष्णव, भगीरथी दुबे, संजय रत्नाकर, चंद्रदेव महंत, आसन दीवान सहित कांग्रेसजन उपस्थित रहे।



# भगवान विष्णु के अनन्य भक्त थे प्रह्लाद : चतुर्वेदी

हरिभूमि न्यूज ⏭ अकलतरा

ग्राम कोटमी सोनार बाजार पारा में मां महामाया कीर्तन मंडली के तत्वावधान में आयोजित संगीतमय श्रीमद्भागवत कथा ज्ञान यज्ञ सप्ताह के तीसरे दिवस कथा व्यास डॉ. दुर्गाप्रसाद चतुर्वेदी ने श्रद्धालुओं को अजामिल तथा भक्त प्रह्लाद चरित्र की मार्मिक कथा सुनाकर भक्ति का महत्व बताया।

- संगीतमय श्रीमद्भागवत कथा ज्ञान यज्ञ सप्ताह: तीसरे दिवस अजामिल व भक्त प्रह्लाद चरित्र का हुआ भावपूर्ण वर्णन

कथा का शुभारंभ कलश यात्रा के साथ हुआ, जिसमें बड़ी संख्या में ग्रामवासियों ने भाग लेकर आयोजन को भक्तिमय बना दिया। कथा व्यास ने बताया कि अजामिल का जीवन इस बात का उदाहरण है कि मनुष्य यदि जीवन में भूल कर बैठे, तब भी अंत समय में सच्चे भाव से भगवान का स्मरण करने से उसे मुक्ति का मार्ग मिल सकता है। भगवान के नाम का स्मरण अत्यंत प्रभावशाली है, जो पापों का नाश कर मनुष्य को सद्मार्ग की ओर ले जाता है। इसी क्रम में भक्त प्रह्लाद के चरित्र का वर्णन करते हुए बताया गया कि प्रह्लाद बचपन से ही भगवान विष्णु के अनन्य भक्त थे। उनके पिता हिरण्यकशिपु स्वयं को ईश्वर मानता था और अपनी प्रजा से अपनी पूजा करने को कहता था। उसने ब्रह्मा जी से ऐसा वरदान प्राप्त कर लिया था कि उसे न दिन में, न रात में, न घर में, न बाहर, न पृथ्वी पर, न आकाश में और न किसी अस्त्र-शस्त्र से मारा जा सके। इस अहंकार के कारण वह अत्याचारी बन गया और अपने ही पुत्र प्रह्लाद की विष्णुभक्ति से क्रोधित होकर उसे कई बार मारने का प्रयास किया, किंतु भगवान ने हर बार अपने भक्त की रक्षा की। कथा में बताया गया कि हिरण्यकशिपु की बहन होलिका को अग्नि से न जलने का वरदान प्राप्त था। उसने प्रह्लाद को गोद में लेकर अग्नि में बैठकर उसे मारने का प्रयास किया, किंतु प्रभु कृपा से अग्नि से बचाने वाली चादर उड़कर प्रह्लाद पर आ गई और होलिका जलकर भस्म हो गई। अंततः भगवान विष्णु ने नृसिंह अवतार धारण कर गोधूलि बेला में द्वार की चौखट पर बैठकर हिरण्यकशिपु का वध किया और भक्त प्रह्लाद की रक्षा की। आयोजन में ग्रामवासी बड़ी संख्या में उपस्थित होकर श्रद्धापूर्वक कथा का रसपान कर रहे हैं। मां महामाया कीर्तन मंडली द्वारा संगीतमय प्रस्तुति से पूरा वातावरण भक्तिमय बना हुआ है।



उपस्थित श्रद्धालुओं को कथा सुनाते पं. तिवारी।

### प्रयास आवासीय विद्यालयों में प्रवेश के लिए आवेदन 17 तक

**जांजगीर-चांपा।** प्रयास आवासीय विद्यालयों के कक्षा 9वीं में प्रवेश के लिए 17 अप्रैल तक ऑनलाईन आवेदन आमंत्रित किया गया है। देश के प्रतिभावान विद्यार्थियों को कक्षा 9वीं से 12वीं तक उत्कृष्ट स्कूली शिक्षा के साथ-साथ राष्ट्रीय स्तर की मेडिकल, इंजीनियरिंग, सीए, सीएस, सीएमए, क्लैट तथा एनडीए की प्रतियोगी परीक्षाओं में सफल होने हेतु तैयारी करायी जाती है। इस उद्देश्य की पूर्ति हेतु राज्य में मुख्यमंत्री बाल भविष्य सुरक्षा योजना अंतर्गत प्रयास आवासीय विद्यालय स्थापित किए गए हैं। वर्ष 2026-27 में प्रयास आवासीय विद्यालयों के कक्षा 9वीं में प्रवेश हेतु 17 अप्रैल रात्रि 12 बजे तक वेबसाईट में ऑनलाईन आवेदन आमंत्रित किया गया है। छात्र निर्धारित तिथि के तक आवेदन ऑनलाइन जमा कर सकते है।

